हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 1 जून 2025
[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | मैनपुर | देवभोग | पांडुका ]









प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप

### एएसआई नंदकुमार को सेवानिवृत्त पर दी विदाई



**गरियाबंद।** गरियाबंद पुलिस विभाग में दशकों तक ईमानदारी और निष्ठा के साथ सेवा देने वाले सहायक उपनिरीक्षक नंदकुमार नेताम सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा कक्ष में गरियाबंद पुलिस परिवार की ओर से उन्हें ससम्मान विदाई दी गई। विदाई समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चंद्राकर, उप पुलिस अधीक्षक गरिमा दादर, रक्षित निरीक्षक सनत ठाकुर, स्टेनो शिवेन्द्र राजपूत सहित अनेक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नेताम को गरियाबंद पुलिस की ओर से साल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। नंदकुमार नेताम ने वर्ष 1982 में पुलिस आरक्षक के रूप में रायपुर जिले से अपने सेवाकाल की शुरुआत की थी। वर्ष 2010 में उनका स्थानांतरण गरियाबंद जिले में हुआ, जहां उन्होंने विभिन्न थाना क्षेत्रों और पुलिस लाइन में उल्लेखनीय सेवाएं दीं। अपने संपूर्ण सेवाकाल के दौरान नेताम ने कर्तव्यपरायणता, अनुशासन और ईमानदारी से कार्य करते हुए विभाग में एक विशिष्ट पहचान बनाई। पुलिस परिवार ने नेताम के उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

**दिवस : भक्ति-भाव से मना सत्यनारायण महाप्रभु जी का 76वां स्थापना दिवस**

# धूमधाम से निकली कंसारी समाज की भव्य शोभायात्रा, बारिश में डीजे पर थिरके युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा राजिम

नगर के मध्य में विराजमान कंसारी समाज का गौरव श्री सत्यनारायण मंदिर में स्थापित श्री सत्यनारायण भगवान की मूर्ति स्थापना का 76 वां स्थापना दिवस (वार्षिकोत्सव) के रूप में श्री सत्यनारायण मंदिर कमेटी एवं कंसारी समाज द्वारा अत्यंत हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। बरसते पानी में सत्यनारायण महाप्रभु जी की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। कुछ ही देर पश्चात आसमान साफ हो गया, बारिश बंद हो गई। लोग इसे महाप्रभु का चमत्कार कहने लगे।इस अवसर पर सामाजिक बंधुओं का व्यवसाय पूर्ण रूप से बंद रहा।

मंदिर के पुजारी पंडित भागवत प्रसाद मिश्रा द्वारा मंत्रोच्चार के बीच प्रातः 4 बजे ब्रह्म मुहूर्त में महाप्रभु को पंचामृत स्नान कराया गया। प्रातः 5 बजे भगवान का अलौकिक श्रृंगार किया गया वहीं सुबह 6 बजे मंगला आरती हुई। सामाजिक जनों व श्रद्धालुओं द्वारा देव दर्शन एवं पूजा अर्चना की गई। प्रातः भगवान श्री सत्यनारायण की कथा का आयोजन संपन्न हुआ तत्पश्चात प्रसाद







वितरण किया गया। प्रात 8:30 बजे श्री सत्यनारायण भगवान की शोभायात्रा निकाली गई जो कि नगर के प्रमुख मार्गो गंज रोड, सब्जी मंडी, सदर रोड, कुम्हारपारा ,सुभाष चौक, बस स्टैंड, कर्मा मंदिर मां काली मंदिर मंडी होते हुए वापस मंदिर में आकर समाप्त हुई। समाज की भजन मंडलियों के द्वारा शोभायात्रा के आगे-आगे भजन कीर्तन गाया बजाया जा रहा था। उड़िया संस्कृति पर आधारित गीत व भजनों की प्रस्तुति के साथ ही उड़ीसा से आई कलाकारों की टीम लोगों में आकर्षण का केंद्र रही।

### *संकीर्तन मंडली द्वारा भजनों की दी प्रस्तुति*

*डीजे की धुन पर युवा थिरकते रहे। दोपहर को मंदिर परिसर में सामाजिक भोज का आयोजन किया गया जिसमें सामाजिक जनों ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया। श्री सत्यनारायण महाप्रभु जी के 76 वें स्थापना दिवस के अवसर पर सप्ताह भर प्रातः 4 बजे से प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें समाज की भजन मंडली,श्री सत्यनारायण मानस मंडली, संकीर्तन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। वहीं सप्ताह भर विविध कार्यक्रम संपन्न किए गए।कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री सत्यनारायण मंदिर कमेटी, नगर कंसारी समाज, युवा संगठन, महिला संगठन, सत्यनारायण शिक्षा विकास समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।*

# बोड़ा ने दी बाजार में दस्तक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

बरसात की पहली फुहारों के साथ गरियाबंद के जंगलों से निकली अमूल्य वन उपज बोड़ा सब्जी ने एक बार फिर बाजार में अपनी दस्तक दी है। छत्तीसगढ़ के लोकजीवन में 'सब्जियों का राजा' कही जाने वाली इस अद्भुत स्वाद वाली सब्जी की मांग शुरुआत में ही तेज रही है।

- **शुरुआती दाम 1200 रुपए तक पहुंचा**

लोकप्रिय बनाते हैं। बोड़ा स्वाद, सुगंध और संस्कृति का संगम यह केवल एक सब्जी नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है।

पनीर और चिकन से भी स्वादिष्ट माने जाने वाले इस व्यंजन की मांग छत्तीसगढ़ के साथ-साथ ओडिशा जैसे पड़ोसी राज्यों में भी रहती है। धरमीन बाई का आत्मीय तोहफा धरमीन बाई सिन्हा बताती हैं, हमने तो बेटी की



शुरुआती दिनों में इसकी कीमत एक पायली (लगभग एक किलो) के लिए 1000 से 1200 रुपये तक पहुंच गई है।प्राकृतिक रूप से साल वृक्षों की छांव में उगने वाला बोड़ा, गरियाबंद के धवलपुर, मैनपुर और जिदार क्षेत्र के जंगलों में पाया जाता है। यह साल में केवल कुछ ही दिनों के लिए मिलता है। इसकी खास सुगंध और स्वाद इसे अत्यंत शादी में भी बोड़ा भेजा था। यह सब्जी नहीं, हमारी भावना और संस्कृति की सौगात है। आदिवासी जीवनशैली में बोड़ा की अहमियत महुआ और तेंदूपत्ता की तरह बोड़ा भी आदिवासी समुदाय की आजीविका का प्रमुख स्रोत बनता जा रहा है। यह सीमित अवधि में मिलने वाली वन उपज स्थानीय अर्थव्यवस्था में विशेष योगदान देती है।

### राजधानी तक फैल रही खुशबू

रायपुर सहित अन्य शहरी क्षेत्रों में भी इसकी मांग तेजी से बढ़ी है। उपभोक्ता इसके स्वाद के लिए हजारों रुपये खर्च करने को तैयार हैं। बोड़ा अब गांव की चौपाल से निकलकर शहरों के किचन तक अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है। प्रकृति का सीमित लेकिन कीमती उपहार हर साल कुछ ही दिनों के लिए मिलने वाला बोड़ा, गरियाबंद की पहचान और गर्व बन चुका है स्वाद, संस्कृति और सम्मान का प्रतीक।

# व्यायाम शिक्षक भर्ती में बीबीई को मान्यता देने की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

उच्च शिक्षा विभाग महानदी भवन नया रायपुर में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के 4 वर्षीय पाठ्यक्रम बैचलर इन फिजिकल एजुकेशन के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ में व्यायाम शिक्षक के लिए बीपीएड एवं डीपीएड कोर्स के साथ व्यापम परीक्षा मण्डल के भर्ती नियम, राजपत्र में शैक्षणिक आहर्ता के रूप में बीपीई को सम्मिलित करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग अपर सचिव अधिकारी डॉ. एस. भारतीदासन को समस्त बीपीई में अध्ययनरत व कोर्स पूर्ण कर चुके



विद्यार्थियों ने ज्ञापन सौपा। जिसका प्रतिनिधित्व चंदन बंजारे, दीपक सिरदार एवं तोषणी साहू ने किया। जिसमें उनके साथ शैलेश कुमार, ईशा, राहुल, नेहरू, सागर, गरिमा, विशाल, धनेन्द्र, प्रवीन, देव एवं अन्य सभी बीपीई के विद्यार्थी उपस्थित रहे। ज्ञापन में विभिन्न दस्तावेजों को संलग्न कर संज्ञान मे लाया गया। कि राज्य मे बीपीएड व डीपीएड कोर्स के आधार पर व्यायाम शिक्षक कि नियुक्ति प्रक्रिया संचालित की जाती रही है। एनसीटीई से मान्यता प्राप्त कोर्स पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड व्यावसायिक पाठ्यक्रम बीपीई कोर्स भी शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र मे सुसंगत, पूर्वकालिक एवं व्यावसायिक डिग्री कोर्स है। जो केंद्र सरकार के व्यायाम शिक्षा के भर्ती में भर्ती मे मान्य है। राजपत्र तथा भर्ती नियम में स्पष्ट रूप में बीपीएड, बीपीई एवं सम्बद्ध स्नातक डिग्री कोर्स के नाम से उल्लेखित रहता है।

# पारुल के जन्मदिन पर कराया न्योता भोज



**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** ग्राम परसदा खुर्द के मूर्तिकार मोहनलाल नेताम ने अपने नतनीन पारुल नेताम के द्वितीय जन्म दिन को बड़े ही धूम-धाम के साथ से मनाया और अपने ग्राम के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01,02 व 03 के सभी बच्चों को खीर, पूड़ी, भजिया एवं टमाटर चटनी से न्योता भोज कराया। जिसमें आंगनवाड़ी के कार्यकर्ता एवं सहायिका सुमरित सोरी, पूर्णिमा बघेल, शांति बघेल, ओम बाई नेताम, सरस्वती बाई यादवएवं बेन बाई यादव उपस्थित रहे।

# बीपीई विद्यार्थियों ने भर्ती प्रक्रिया में मान्यता के लिए उच्च शिक्षा विभाग को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शारीरिक शिक्षा में चार वर्षीय डिग्री कोर्स बीपीई (बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन) को छत्तीसगढ़ राज्य में व्यायाम शिक्षक भर्ती में मान्यता दिलाने की मांग को लेकर विद्यार्थियों ने शुक्रवार, 30 मई को उच्च शिक्षा विभाग, महानदी भवन, नया रायपुर में ज्ञापन सौंपा।

यह ज्ञापन अपर सचिव डॉ. एस. भारतीदासन को सौंपा गया, जिसमें विद्यार्थियों ने आग्रह किया कि राज्य में अब तक केवल बीपीएड एवं डीपीएड को ही शैक्षणिक अहर्ता के रूप में शामिल किया जाता है, जबकि बीपीई कोर्स भी एनसीटीई से मान्यता प्राप्त एक पूर्णकालिक, व्यावसायिक एवं केंद्र सरकार की विभिन्न संस्थाओं जैसे केवीएस, एनवीएस एवं ईएमआरएस में मान्य डिग्री कोर्स है। छात्रों ने यह मांग रखी कि छत्तीसगढ़ व्यापम की भर्ती नियमावली एवं राजपत्र में



बी.पी.एड. और डीपीएड के साथ-साथ बीपीई को भी स्पष्ट रूप से शैक्षणिक अहर्ता के रूप में सम्मिलित किया जाए।

ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से चंदन बंजारे, दीपक सिरदार, तोषणी साहू मौजूद थे। इनके साथ शैलेश कुमार, ईशा, राहुल, नेहरू, सागर, गरिमा, विशाल, धनेन्द्र, प्रवीण, देव सहित अनेक बी.पी.ई. के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों ने ज्ञापन के साथ संबंधित दस्तावेज भी संलग्न कर यह बताया कि राज्य में बी.पी.ई. को अनदेखा करना न केवल छात्रों के साथ अन्याय है, बल्कि यह व्यावसायिक शिक्षा के महत्व को भी कम करता है। उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लिया जाए।

# सोनकर समाज के जनप्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री साय करेंगे सम्मानित

रायपुर। छत्तीसगढ़ सोनकर समाज (पंजीयन क्रमांक 3275) द्वारा नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्वाचित करीब 200 जनप्रतिनिधियों का भव्य सम्मान समारोह 1 जून 2025, रविवार को शहीद स्मारक भवन, रायपुर में आयोजित किया जाएगा। इस गरिमामय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे। वहीं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष शारदा प्रसाद सोनकर करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, तथा रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे शामिल होंगे। सम्मान समारोह में नगरीय निकाय चुनाव में निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों, तथा पंचायत चुनाव में निर्वाचित सरपंच, उपसरपंच एवं पंचों को मुख्य अतिथियों के कर कमलों से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए पूरे राज्य की 46 जिला इकाइयों को पत्राचार के माध्यम से आमंत्रण भेजा गया है, ताकि अधिक से अधिक सामाजिकजन इस आयोजन में शामिल हो सकें। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुति के रूप में अभिषेक सोनकर कृत 'लोकमंजरी' का भी आयोजन होगा, जो सभी उपस्थितजनों का मनोरंजन करेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के पदाधिकारीगण जुटे हुए हैं, जिनमें प्रदेश अध्यक्ष शारदा प्रसाद सोनकर, महामंत्री चेतन सोनकर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनकर, कोषाध्यक्ष रमेश सोनकर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल सोनकर, सियाराम सोनकर, मनोज सोनकर, अंकेक्षक अखिलेश सोनकर, उपमंत्री भगवत इंदौरिया, शिक्षा विकास समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सौरभ सोनकर तथा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष एवं सदस्यगण शामिल हैं। समाज के प्रदेश महामंत्री चेतन सोनकर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनकर एवं कोषाध्यक्ष रमेश सोनकर ने सभी सामाजिकजनों से निवेदन किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने में अपना योगदान दें।

# बिल्हा विधायक धरमलाल ने कुलेश्वर महादेव की पूजा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, बिल्हा के विधायक धरमलाल कौशिक राजिम पहुंचे। इस अवसर पर विधायक श्री कौशिक का स्वागत रेस्ट हाउस में विधायक रोहित साहू, खाद्य निगम आयोग के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू भाजपा नेता सोमनाथ पटेल, संजीव साहू, सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, सभापति आकाश राजपूत, जितेंद्र पेंडरिया, युवराज साहू, पार्षद अजय पटेल आदि ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। विधायक धरमलाल कौशिक ने भगवान श्री राजीव लोचन, कुलेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि एवं





खुशहाली की मंगल कामना किया। इस अवसर पर रेस्ट हाउस में विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि राजिम धार्मिक और पौराणिक नगरी है, यहां आने से मन में शांति और सुकून मिलता रहे, यहां आने से एक अलग आनंद की अनुभूति होती है। भगवान श्री राजीव लोचन और श्री कुलेश्वर महादेव जी का मात्र दर्शन लाभ से एक दिव्य अनुभूति होती है।

**जनक के जन्मदिन पर मरीजों को किया गया फल वितरण**

# क्षेत्र के बड़े और ज्वलंत मुद्दों को विधानसभा में उठा रहे हैं : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव के जन्मदिन के अवसर पर शनिवार को उनके समर्थकों द्वारा क्षेत्र के गांव- गांव में कार्यक्रम आयोजित कर केक काटकर जन्मदिन धुमधाम के साथ मनाया गया। मैनपुर से 11 किलो मीटर दूर ग्राम धवलपुर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जहां दूर-दूर से आए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा वितरण किया गया और मरीजों को फल वितरण किया गया। कई ग्रामों में उनके समर्थकों ने केक काटकर जन्मदिन मनाया जिसमें विधायक जनक ध्रुव स्वंय शामिल हुए। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फटाखे फोड़ जमकर आतिशबाजी की। आज सुबह से विधायक जनक ध्रुव को बधाई देने पैरी सदन नहानबिरी में मेला जैसे भीड़ लगा रहा पूरे बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र मैनपुर, देवभोग, अमलीपदर, उरमाल, झाकरपारा, इंदागांव, धवलपुर, नवागढ़, जोबा, दर्रीपारा,आमामौरा, ओढ़ कुल्हाड़ीघाट, छुरा, रसेला, गरियाबंद, पिपरछेड़ी सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं अन्य राजनीतिक दलो के कार्यकर्ता पदाधिकारी देर शाम समाचार लिखे जाने तक पहुंच रहे है और विधायक जनक ध्रुव को जन्मदिन की बधाई दे रहे है। देर शाम पैरी





सदन में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा विधायक के जन्मदिन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया विधायक जनक ध्रुव ने केक काटकर सभी के प्रति अभार व्यक्त करते हुए कहा की बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र की जनता उन्हे विधायक चून कर सेवा का अवसर दिए है और मै पूरा विश्वास दिलाता हूं इस क्षेत्र के विकास के लिए जी जान लगा दुंगा लगातार क्षेत्र के बड़े और ज्वलन्त मुद्दों को विधानसभा में उनके द्वारा उठाया जा रहा है।

### *ये रहे शामिल*

*इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, निहाल नेताम, सोहन नागेश, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष देवभोग भुपेन्द्र मांझी, गौरव मिश्रा, केसू सिन्हा, अमीत मिरी, अमृत पटेल, सुरज यादव, हबीब मेमन, हेमलाल बारले, रमेश मेश्राम, बजरंग यादव, अरूण सोनवानी, पंकज मांझी, अरूण सोनवानी, पुरूशोत्तम सोम, लोचन निर्मलकर, सुकचंद ध्रुव, तनवीर ठाकुर, दुलेन्द्र नेगी, गजेन्द्र यादव, ईश्वर नागेश लिकेश यादव, दुलेन्द्र नेगी, डोमार साहू, सोधर क"यप, चित्रंश ध्रुव, प्रियंका कपिल, नंदु पटेल, नजीब बेंग,भुने"वर सिन्हा,खेलन साहू, रूपेद्र सोम, यशवंत मरकाम, चंदा बारले, दामोदर सोरी, विनोद यादव,पुनित राम नागेश, गोरेलाल ध्रुव, कमलसिंह ध्रुव, जुगेश्वर ध्रुर्वा, नंदु गोस्वामी, गजेन्द्र ध्रुर्वा, सनादो ध्रुर्वा,धनेश्वर यदु, गुजरात कमलेश, हुकमत यादव, मंगलु जगत, रामभरोसा, पवन जगत, पारे"वर नेताम, विरेन्द्र श्रीवास्तव, सामन्त शर्मा, मनीश पटेल, अर्जन सोरी सरपंच आमामोरा, रामसिंह सोरी सरपंच ओढ़ सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।*

## पेज 13 के शेष...

### ट्रांसफार्मर पर सुधार...

घटी। बताया गया है कि इस ट्रांसफार्मर में कोमा और महासमुंद, दोनों ओर से विद्युत सप्लाई जुड़ी हुई है, लेकिन कार्य के समय केवल कोमा लाइन बंद की गई थी। ग्रामीणों ने इस घटना के बाद विद्युत विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है और ऐसे हादसों को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने की आवश्यकता जताई है।

### पेयजल संकट से...

की जाएगी। एसडीएम की आश्वासन और समझाइश के बाद ग्रामीणों ने आन्दोलन समाप्त कर दिया और सड़क से हट गए। ग्रामीणों ने चेताया कि अगर शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई तो वे फिर से आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### नेशनल हाईवे में...

में सफलता मिली। पूछताछ में आरोपियों ने जुर्म कबूल किया। गिरफ्तार आरोपियों में खिलेश ध्रुव (21), हिमांशु मसीह (18) और मनोज दुबे (20), तीनों निवासी ग्राम धवलपुर शामिल हैं। आरोपियों के पास से लूट के 900 रुपए व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली गई है। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में सउनि पवन सिन्हा, प्रआर प्रहलाद थानापति, आरक्षक कोमल धृतलहरे, मोतीलाल भुआर्य, यादराम पटेल, प्रवीण वर्मा, शिवकंवर, राजकुमार सिदार और नरेश निषाद का विशेष योगदान रहा।

### संविधान बचाओ रैली...

शुक्ला उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष रूपेश साहू ने आप जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई एवं समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में सहभागिता निभाने की अपील की है जिसमे कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण अपने कार्यकर्ताओं के साथ अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 1 जून 2025

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 धूमधाम से निकली कंसारी समाज की भव्य शोभायात्रा, ...



12 क्षेत्र के बड़े और ज्वलंत मुद्दों को विधानसभा...





## खबर संक्षेप

### 75 साल बाद नौतपा पर हुई मूसलाधार बारिश



**रसेला।** क्षेत्र में तय से 9 पहले केरल दक्षिण पश्चिम मानसून की दस्तक के बाद क्षेत्र में भी प्री मानसून सीजन की बारिश शुरू हो गई है। सामान्य तौर पर प्री मानसून बारिश 1 जून के बाद से शुरू होती है, पर समय से पहले भारत पहुंचे मानसून के चलते मलेवा अंचल में प्री मानसून शुरू हो चुकी है। नौतपा के दौरान ही प्री मानसून बारिश शुरू होने की घटना 75 साल बाद पहली बार हो रही है। इधर दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए स्थिति पूरी तरह से अनुकूल बनी हुई है। ऐसे में भारत के दक्षिण हिस्से पर मानसून का दायरा लगातार बढ़ता चला जा रहा है। इधर रसेला सहित क्षेत्र में शुक्रवार को जमकर बारिश हुई है। मौसम विभाग नौतपा को लेकर किसी भी तरह से पूर्वानुमान जारी नहीं करता, क्योंकि नौतपा ज्योतिषशास्त्र के अनुसार माना जाता है। पंडित गोलू शर्मा ने बताया कि ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की तृतीय तिथि पर आर्द्रा नक्षत्र में मानसून पहुंचेगा, जहां अगले 10 नक्षत्रों तक रहेगा। क्षेत्र में बीते 6 दिनों में मौसम लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। तापमान लगातार 37 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है।

### संविधान बचाओ रैली आज अमितेश शुक्ला होंगे शामिल



**फिंगेश्वर।** 1 जून को दोपहर 2 बजे विधान सभा स्तरीय संविधान बचाओ रैली एवं सभा का आयोजन फिंगेश्वर पुराना बस स्टैंड के सामने संपन्न होगा। जिसमें प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश ▶▶ शेष पेज 12 पर

# 50 लाख रुपए की सड़क की पोल प्री-मानसून में खुली, उखड़ने लगे डामर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

साहसखोल मार्ग की सड़कों में फिर दिखने लगा गड्ढा, प्री मानसून के बरसात में उखड़ गए मरम्मत की परते जिला पंचायत के निर्माण समिति सभापति का आरोप पिछले कई सालों से यह सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग के लिए एटीएम मशीन बना हुआ है। गरियाबंद जिले के देवभोग साहसखोल मार्ग पर बने पक्की सड़को में फिर से गढ्ढे नजर आने लगा है 22 किमी सड़क की मरम्मत 4 माह पहले ही पीडब्ल्यूडी विभाग ने 50 लाख में कराई थी। लेकिन जिन पेचों की मरम्मत हुई थी ज्यादातर उन्हीं जगह पर गढ्ढे नजर आने लगे हैं। कुमहड़ी खुर्द, झाखरपारा गांव के लगभग 5 किमी लंबाई में गढ्ढे हो गए हैं।दुपहिया चालकों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा।हादसे भी होने लगे हैं।

## 22 किमी सड़क की मरम्मत 4 माह पहले पीडब्ल्यूडी विभाग ने कराई थी

### निर्माण समिति सभापति ने कहा -पीडब्ल्यूडी के लिए एटीएम मशीन



उखड़ती सड़क को देखते हुए आक्रोश बढ़ा तो क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य, निर्माण समिति के सभापति देश बन्धु नायक ने मरम्मत की मांग किया है। देशबंधु का आरोप है कि एक दशक पहले पीएमजीएसवाय ने इस सड़क को जितनी लागत में बनाया था, उससे तीन गुना मरम्मत में खर्च करने के बाद भी सड़क की दशा में सुधार नहीं आता। इस सड़क के मरम्मत के आड़ में जमकर सरकारी रुपए का बंदरबांट किया जाता है। मरम्मत के कुछ माह बाद उखड़ता सड़के इस बात का प्रमाण है कि तो मांमपदंड पर काम नहीं कराया जाता।नायक ने कहा कि सड़क पीडब्ल्यू के लिए एटीएम का काम कर रहा।



### पीडब्ल्यूडी एसडीओ बोले-मजबूती करण की जरूरत

मरम्मत बार बार उखड़ने के सवाल पर पीडब्लूडी के एसडीओ मोहित साहू ने बताया कि सड़क की डिजाइन दो टन केपेसिटी के आधार पर बना था, निर्माण पुरानी है इसलिए लेयरो को मजबूती करण की आवश्यकता है।इसके अभाव में मरम्मत के मटेरियल टिक नहीं पा रहे।मजबूती करण के लिए 39 करोड़ का प्रोजेक्ट बना कर मंजूरी के लिए शासन को भेजा गया है।

**अयोजन :** ग्राम पंचायत कौंदकेरा में सुशासन तिहार का अंतिम समाधान शिविर संपन्न

# कौंदकेरा क्लस्टर में 10,557 प्रकरणों का हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ में चल रहे सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पंचायत कौंदकेरा में शनिवार को अंतिम समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय उपस्थित रहे।

विधायक रोहित साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चल रहे सुशासन तिहार के माध्यम से शासन, प्रशासन और जनप्रतिनिधि सीधे गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किए गए वादों को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। खासकर महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन, उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड आदि योजनाओं से लाभ मिल रहा है।



उन्होंने जानकारी दी कि जिले में अब तक 38 हजार प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं और जल्द ही 28 हजार नए आवासों की स्वीकृति से हर पात्र हितग्राही को पक्का मकान मिलेगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने कपसीडीह और सेम्हराडीह को आगामी 2 अक्टूबर तक राजस्व ग्राम का दर्जा मिलने की घोषणा की। कौंदकेरा में मुक्तिधाम और प्रतीक्षालय निर्माण की भी घोषणा की गई।

पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि सुशासन तिहार ने शासन और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित किया है, जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो रहा है।

### विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ

शिविर में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉलों में हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा 4 को श्रवण यंत्र, 1 को व्हीलचेयर और 4 को मोटराइज्ड ट्रायसिकल प्रदान किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग ने 5 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 6 बच्चों का अन्नप्राशन कराया। स्वास्थ्य विभाग ने 10 हितग्राहियों को मच्छरदानी व 6 को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। कृषि विभाग ने 5 किसानों को धान बीज और 5 को किसान क्रेडिट कार्ड दिया। 4 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत के लिए प्रमाण पत्र व मोमेंटो दिया गया। प्रतिभावान विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर सम्मानित किया गया।

### शिविर में उमड़ी भारी भीड़

कौंदकेरा के अलावा बोरसी, किरवई, कोमा, सेम्हरतरा, बेलटुकरी, भैसातरा, जेंजरा, देवरी, रोहिना, टेका, तरीघाट, बहेरापाल एवं कुम्ही ग्राम पंचायतों से बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। कुल 10,557 आवेदनों का निराकरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, सदस्य इंद्रजीत महाड़िक, नंदनी साहू, रामेश्वरी कुर्रे, मंजू साहू, हीरामणी साहू, सरपंच राधिका यादव, कलेक्टर बीएस उइके, जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम विशाल महाराणा, अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

# बैंक कर्मी का फंदे पर लटका मिला शव, कान में लगे थे इयरफोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

शनिवार सुबह मैनपुर नगर में उस समय सनसनी फैल गई, जब बैंक ऑफ बड़ौदा में कार्यरत कर्मचारी सन्नी यादव (उम्र 39 वर्ष) का शव उसके किराए के मकान में फंदे से लटका मिला। खास बात यह रही कि शव के कान में इयरफोन लगे थे, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उसने फांसी लगाने से पहले किसी से बातचीत की थी। मकान का दरवाजा भीतर से बंद था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा। अंदर का दृश्य देख हर कोई स्तब्ध रह गया शव किचन के रोशनदान के एंगल से फंदे में झूल रहा था।



पत्नी से विवाद के चलते रह रहा था अकेले मूलतः समोदा (थाना आरंग, जिला रायपुर) निवासी सन्नी यादव बीते 5–6 वर्षों से मैनपुर स्थित बैंक में चपरासी (प्यून) पद पर पदस्थ थे। परिजनों के अनुसार, सन्नी की पत्नी से कुछ समय से विवाद चल रहा था, जिसके चलते वह पिछले दो-तीन महीनों से मैनपुर में किराए के मकान में अकेले रह रहा था। उसके दो बच्चे (एक बेटा व एक बेटी) हैं।

### मृतक ने ली थी छुट्टी

आखिरी बार शाम को देखा गया था बाजार में बैंक सूत्रों के अनुसार, सन्नी यादव पिछले तीन-चार दिनों से अवकाश पर थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शुक्रवार शाम तक वह बाजार में घूमते नजर आए थे। शनिवार सुबह जब 10 बजे तक मकान का दरवाजा नहीं खुला, तो मोहल्लेवालों ने खिड़की से झांककर देखा और पुलिस को सूचना दी।

### पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की

मैनपुर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। मर्ग कायम कर लिया गया है और मामले की विवेचना की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है, लेकिन कान में लगे इयरफोन के चलते यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या वह किसी से आखिरी वक्त में बात कर रहा था?

### मामले में कई सवाल

बाकी घटना के बाद इलाके में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। सन्नी यादव मिलनसार स्वभाव के माने जाते थे, ऐसे में आत्महत्या की वजह को लेकर लोग आश्चर्य में हैं। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि क्या मोबाइल में आखिरी कॉल कोई संकेत देता है।

# ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते युवक झुलसा, रायपुर किया रेफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

विद्युत विभाग की घोर लापरवाही के चलते शनिवार को एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। वह ट्रांसफार्मर पर चढ़कर लाइन सुधार कार्य कर रहा था, तभी अचानक दूसरी ओर से बिजली सप्लाई चालू हो गई, जिससे युवक बुरी तरह घायल हो गया। घायल युवक की पहचान वेदराम साहू, पिता हेमराम लाल साहू, निवासी ग्राम सेंदर के रूप में हुई है। वह एक ठेकेदार के अधीन काम कर रहा था और कोमा लाइन को बंद कर ट्रांसफार्मर पर सुधार कार्य कर रहा था। इसी दौरान, महासमुंद दिशा से सप्लाई चालू हो गई, जिससे दोनों पैर झुलस गए और वह ट्रांसफार्मर से गिर पड़ा। घायल अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर लाया गया, जहां डॉ. विपिन लहरे ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया।

स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि ट्रांसफार्मर पर काम के दौरान दोनों ओर की लाइनें बंद नहीं की गई थीं, जिससे यह दुर्घटना ▶▶ शेष पेज 12 पर

# पेयजल संकट से परेशान ग्रामीणों ने बरसते पानी में किया हाईवे जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

देवभोग ब्लॉक के माहुलकोट के आश्रित ग्राम बोईरपारा के ग्रामीणों ने पेयजल संकट से परेशान होकर शनिवार को नेशनल हाइवे 130सी देवभोग–मैनपुर मार्ग को बरसते पानी में जाम कर दिया। हैंडपंप की मांग को लेकर लंबे समय से संघर्षरत ग्रामीणों ने इस बार बर्तन लेकर सड़क पर बैठकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों का कहना है कि सुशासन तिहार समाधान शिविर में भी उन्होंने पेयजल की समस्या को उठाया था, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। इसी के विरोध में महिला-पुरुषों ने सड़क पर बर्तन की कतार लगाकर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। भारी बारिश के बावजूद लोग घंटों तक डटे रहे। प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने एसडीएम तुलसीदास मरकाम से बात की। एसडीएम मरकाम तत्काल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दी। उन्होंने बताया कि गांव में पहले से मौजूद हैंडपंप खराब हो गया है, जिसे मरम्मत के लिए पीएचई विभाग को निर्देशित किया गया है। साथ ही गांव में नए हैंडपंप की खुदाई भी शीघ्र ▶▶ शेष पेज 12 पर



■ एसडीएम की समझाईस के बाद लौटे घर

# नेशनल हाईवे में लूट के तीन आरोरियों को पुलिस ने चंद घंटो में किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

मैनपुर-गरियाबंद मार्ग पर नेशनल हाईवे 130C पर बुधवार रात ट्रक ड्राइवर के साथ लूट की वारदात से सनसनी फैल गई। वारदात के कुछ ही घंटों के भीतर मैनपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार, 29 मई को शिवशक्ति पोल फैक्ट्री खुरसुनी से ट्रक (सीजी 07 सीडब्ल्यू 8396) में 80 नग सीमेंट पोल लेकर चालक मैनपुर आ रहा था। इसी दौरान सिकासार तिराहा के पास बाइक (सीजी 23 एफ 2944) में सवार तीन युवकों ने ट्रक को ओवरटेक कर रोक लिया। तीनों युवक ट्रक में चढ़ गए और चालक को जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने ट्रक की बिल्टी फाड़ दी और चालक के जेब से 3,900 रुपए नकद व मोबाइल लूटकर धवलपुर की ओर भाग निकले। रास्ते में मोबाइल को सड़क पर फेंक दिया गया। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर धारा 309(2) बीएनएस के तहत अपराध क्रमांक 60/2025 पंजीबद्ध किया। थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर पतासाजी शुरू की गई, जिसमें तीनों आरोपियों को पकड़ने ▶▶ शेष पेज 12 पर



सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
डायलिसीस
• सीआरएफ एवं एआरएफ के मरीजों की अत्याधुनिक फ्रेसिनियस की डायलिसीस मशीन द्वारा
• हिमोडायलिसीस
• पैरीटोनियल डायलिसीस
• सीएपीडी
• बच्चों की किडनी की बामारियों का ईलाज
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रैक्शनल लेजर द्वारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरुष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी
कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

राजिम मंडल में होल्कर की जीवन गाथा पर विचार गोष्ठी हुई

# अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तिकरण का प्रतीक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

भारतीय संस्कृति और नारी शक्ति की प्रतीक पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन भाजपा राजिम मंडल के ग्राम पोखरा में मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अहिल्याबाई होलकर के जीवन, उनके समाज सुधार कार्यों और नारी सशक्तिकरण में उनके योगदान को याद करना था मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने सभी अतिथियों व भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणजनों का अभिवादन करते हुए कहा कि अहिल्याबाई होल्कर द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों मंदिरों एवं देव स्थलों के जिर्णोद्धार,धर्मशाला, तालाब कुएं का निर्माण एवं समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए गए उनके कार्यों के विषय में विस्तार से ग्रामवासियों को अवगत कराया।

### अहिल्याबाई का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादाई

इस अवसर पर मुख्य वक्ता भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादाई है उनकी नीतियों और कार्य आज भी मार्गदर्शन करते हैं महिला सशक्तिकरण और सेवा भावना के प्रतीक के रूप में आज वह समाज के लिए आदर्श बनाकर जीवित है। इस अवसर पर बिन्द्रानवागढ़ के मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा, राजिम मंडल उपाध्यक्ष भरत सिन्हा, नारायण साहू, मंडल महामंत्री जितेंद्र पेंदरिया, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र साहू, मंडल मंत्री राजेश परमार, मीडिया प्रभारी युवराज साहू, ग्राम पोखरा के सरपंच सियाराम साहू, उपसरपंच नरेंद्र निषाद, चंद्रा निषाद, सुनीता यादव, संतोषी गायकवाड़, गीता बांधे, प्रेमलाल नागरे, दौलत भोंसले, लेखराम ध्रुव, टिकेश साहू, हिरऊ राम साहू, ललित साहू, तुलस यादव, राजकुमार साहू, खिलावन निषाद, बुधारू निषाद, अरुण निषाद, भारत निषाद, नीलकंठ साहू, गणेश विश्वकर्मा, नागेश्वर सेन, चैतुराम, मुकेश साहू, जगताप, जग्गू यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
04 जून, 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# SHAKUNTALA GROUP OF SCHOOLS

Ram Nagar || Risali Sector || Vaishali Nagar

International Dimension in Schools 2022-25 | FIT INDIA | SCHOOL INNOVATION COUNCIL | MY CLASSBOARD

**कम व्यय सर्वोत्तम शिक्षा** **2025-26** **Congratulations**

## 1. SHAKUNTALA VIDYALAYA

Affiliated to CBSE, RAM NAGAR, BHILAI



## 2. SHARDA VIDYALAYA

Affiliated to CBSE, RISALI SECTOR, BHILAI



## 3. SHAKUNTALA VIDYALAYA NO. 2

Affiliated to CGBSE, Ram Nagar, Bhilai

ENGLISH & HINDI MED. HR. SEC. SCHOOL ( IX TO XII )

## 4. SHARDA VIDYALAYA

Affiliated to CGBSE, Vaishali Nagar, Bhilai

ENGLISH MEDIUM SCHOOL ( KG-1 TO VIII )

## 5. Shakuntala Devi Sangeet Nritya Evam Kala Kendra

Affiliated to IKSVV, Khairagarh

★Singing ★Kathak
★Tabla ★Bharatanatyam
★Geetanjali ★Chitrakala

FROM CLASS 5 ONWARDS

TIMING 05:00 PM TO 07:00 PM



Office: Shakuntala Vidyalaya Parishar, Ram Nagar, Bhilai

### SHAKUNTALA VIDYALAYA CLASS 12TH TOPPERS

ARPIT SAHU 96.6%
SRIJAN DEWANGAN 95.2%
ADITI MISHRA 94.4%
ROSHAN CHOUDHARY 93.8%
PAKHI MAHESHWARI 93.2%
VIDYA SAO 91.4%
MUSKAN SAO 90.8%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA CLASS 10TH TOPPERS

MAYANK KUMAR OJHA 97.6%
SHWETA SINGH 95.4%
SABIYA PARVEEN 95%
AMRITA SAO 94%
AACHAL KUMARI SAO 93.8%
RAJVEER SAO 93.4%
TEJESHWI PRASAD SINHA 92.8%
ANURAG SAHU 92.6%
SIDDHI BAGHEL 92.6%
SHUBHAM KUMAR SAO 92.4%
KAANCHAN MALA SANDEY 92.4%
P POOJITA 92.2%
ADARSH KUMAR SINGH 92%
AYUSH NAGVANSHI 91.6%
CHIEF HAVGE 90.8%
PANKHURI SINGH 90.2%

### SHARDA VIDYALAYA CLASS 12TH TOPPERS

YOGITA 97%
RIYA KURREY 92.6%
TAHZEEB RAZVIYA 90.6%
AYESHA IQBAL ANSARI 90.2%
PIYUSH VERMA 89.8%
VIDHI VISHWAKARMA 89.6%
RITESH DEWANGAN 89.4%

### SHARDA VIDYALAYA CLASS 10TH TOPPERS

SHOURYA KUMAR SAHU 97.6%
ANKIT DEWANGAN 97.2%
SAZINA NAWAZ 96.8%
ASHMIKI DWIVEDI 95%
SAMRIDHI SHARMA 94.6%
TEJAS SAHU 93.6%
BHAVYA DEWANGAN 93%
SHREYA MAHAPATRA 92.8%
ANISH KUMAR DEWANGAN 92.8%
SAMEER PATEL 92%
SHIVANGI VISHWAKARMA 91.8%
PRACHI JALKSHATRIYA 91.6%
DIVYANSH SINGH 91%
DRISHTI DEWANGAN 90.6%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA NO. 2 CLASS 12TH TOPPERS

NIDHI PATEL 92%
GARGI CHANDRAKAR 91.6%
NAMRATA PATEL 91.4%
JAYA SINHA 89.6%
KAMALDAS MANIKPURI 89.4%
SANIYA SAO 89.2%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA NO.2 CLASS 10TH TOPPERS

YOGENDRA KUMAR JANGHEL 95%
HARSHITA BHASKAR 92.8%
TANISHA NAG 92.3%
MAHI BANJARA 91.8%
PRIYA PAL 91.3%
THANSING VERMA 90.6%

## SCHOOL FACILITIES


1. Scholarship of more than Rs. 20 Lakhs to meritorious students
2. Selection of students in various competitions like JEE, NEET etc
3. Smart classes with CCTV monitored classrooms in all school premises
4. Seperate Hostel facilities for boys and girls
5. Science, Commerce, Humanities (Arts) streams available
6. Advanced Science Lab., Computer Lab. & Library
7. State of the art AV room & Music room
8. 24x7 Power Supply Via Genset
9. Air Conditioned auditorium

Deepak Advertisers

## 6. SHAKUNTALA GURUKUL (Hostel)

Home away from Home... घर से दूर.. एक घर ॥

**Ram Nagar Bhilai**



**Hostel Room**-Air condition for boys and girls seperate
**Mess**-Tea, Breakfast, Lunch, evening snacks, Dinner, Milk & egg
**Coaching**-School Coaching (Free of Cost) Distance Coaching (payable) with Transportation facility
**Library**-Evening Time
**Entertainment**-Movies-Auditorium (Hall) Air conditioned
**Outing**- Twice in a month, Canteen (Tuck Shop)
**Birthday Celebration**-Separate Facility for Boys and Girls
**Geyser facility** (in winter season)
**24X7 Electricity available through generator**
**Laundry facility available, Medical facility available**

1. 0788 4033217 | 2. 0788 2265810 | 3. 0788-2295357 | 4. 0788-4033623 | 5. 8770401823 | 6. 8839982041